राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड
प्रेस विज्ञप्ति–3

राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर परेड का नेतृत्व करने वाली परेड कमांडरों को राज्यपाल ने किया सम्मानित।

राज्य स्थापना दिवस पर मातृशक्ति को परेड का नेतृत्व करते देखना अत्यंत गर्व का क्षण रहा– राज्यपाल।

महिलाएं अब हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही हैं, और यह नारी सशक्तीकरण का उत्कृष्ट उदाहरण है– राज्यपाल।

राजभवन देहरादून 11 नवम्बर, 2024

राज्य स्थापना दिवस पर पुलिस लाइन में आयोजित रैतिक परेड का नेतृत्व करने वाली महिला कमांडरों को राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने सोमवार को राजभवन में सम्मानित किया। राज्यपाल ने सभी महिला परेड कमांडरों, अश्व दल मार्च पास्ट की महिला घुडसवारों और हिम रक्षक डेयरडेविल्स डेमो की 17 प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस अवसर पर सभी प्रतिभागियों ने परेड के दौरान और परेड से पूर्व की तैयारियों और प्रशिक्षण के अनुभवों को साझा किया।

राज्यपाल ने कहा कि राज्य स्थापना दिवस पर मातृशक्ति को परेड का नेतृत्व करते देखना अत्यंत गर्व का क्षण रहा है। उन्होंने कहा कि जिस आत्मविश्वास और संतुलन के साथ महिलाओं ने परेड का नेतृत्व, बाइक राइडिंग और घुड़सवारी में प्रदर्शन किया, वह अन्य बेटियों को भी प्रेरित करेगा। राज्यपाल ने इस बदलाव पर प्रसन्नता व्यक्त की कि महिलाएं अब हर क्षेत्र में नेतृत्व कर रही हैं, और यह नारी सशक्तीकरण का उत्कृष्ट उदाहरण है। उन्होंने कहा कि हमारी मातृशक्ति का संकोच अब समाप्त हो रहा है और वे किसी भी चुनौती को स्वीकार करने के लिए तत्पर रहती हैं। राज्यपाल ने पुलिस विभाग के अधिकारियों की भी सराहना की जिन्होंने महिला पुलिस कार्मिकों को नेतृत्व के लिए तैयार किया।

इस अवसर पर एडीजी ए.पी. अंशुमान, आईजी विम्मी सचदेवा, एसएसपी अजय सिंह, पुलिस उपाधीक्षक श्रीमती रीना राठौर, उ0नि0ना0पु0 पूनम शाह, उ0नि0ना0पु0 रजनी चमोली, उ0नि0ना0पु0 टीना रावत, उ0नि0ना0पु0 ज्योति पंवार, उ0नि0ना0प0 स्मृति रावत, उ0नि0ना0पु0 दीपा रानी, उ0नि0ना0पु0 विनयता चौहान, उ0नि0ना0पु0 किरन डोभाल, उ0नि0मा0प0 हिमानी चौधरी, हेड कांस्टेबल पूनम रानी, फायरवूमेन दिव्या डांगी, फायरवूमेन विनीता, फायरवूमेन नेहा डबराल, महिला कांस्टेबल नीलम धारीवाल, महिला कांस्टेबल प्रीती मल्ल, महिला कांस्टेबल रीना मौजूद रहें।

............0............